# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ राहतगढ़ ✹ खुरई ✹ पथरिया ✹ सिलवानी ✹ गैरतगंज ✹ गंजबासौदा ✹ सिरोंज ✹ बीना ✹ शमशाबाद भोपाल 03 अप्रैल 2025




**जागरण, सागर।** तिलकगंज क्षेत्र में झूला वाले फर्श पर खोली जा रही शराब दुकान को लेकर वार्डवासी अभी भी विरोध कर रहे हैं। प्रशासनिक उदासीनता ऐसी कि चौबीस घंटे बीतने के बावजूद यहां लोगों से चर्चा करने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। बुधवार की देर शाम यहां लोगों ने धरना प्रदर्शन कर फिर मोर्चा खोल दिया है। मांग की जा रही है कि यहां से शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए क्योंकि यह सार्वजनिक क्षेत्र है जहां से महिलाएं और बच्चे भी निकलते हैं।

# परिवहन विभाग घोटाला : कांग्रेस ने पुतला दहन कर किया प्रदर्शन

## सीएम का पुतला फूंककर की नारेबाजी, सरकार की अकर्मण्यता से मिली जमानत : कांग्रेस





**जागरण, सागर।** परिवहन विभाग के घोटाले को लेकर सरकार की विफलता पर कांग्रेस ने शहर में बुधवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम के पुतला फूंककर जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों का कहना है कि इतने बड़े घोटाले में आरोपियों की जमानत हो जाना प्रदेश सरकार की बड़ी विफलता है।

करोड़ों रुपए के परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा और उसके साथियों को सरकार की अकर्मण्यता और संरक्षण के कारण जमानत मिलने का आरोप लगाकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में विरोध स्वरूप डिग्री कॉलेज चौराहा पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुलिस की जद्दोजहद और वाटर केनन के बाद भी कांग्रेसजनों ने दो दो पुतले दहन कर दिए। एक पुतला सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव एक ओर से लाए तो दूसरा पुतला युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी दूसरी तरफ से लाए। राजकुमार पचौरी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की अकर्मण्यता नें परिवहन घोटाला के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को जमानत दिलाई। ऐसा लगता है इस घोटाले मेंआरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। साठ दिनों में जांच कमेटी चार्जशीट भी कोर्ट में नहीं दे पाई। यह सरकार की बड़ी नाकामी है जिससे मध्यप्रदेश का नाम देश में शर्मसार हुआ है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि यह सरकार घोटालों की सरकार है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक आरक्षक ने करोड़ों रुपए का घोटाला कर दिया और सरकार जांच सही तरीके से कराने की जगह आरोपियों के खिलाफ ही लचर रवैया अपनाए हुए है। इससे साफ जाहिर है कि प्रदेश की भाजपा सरकार इन आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में महासचिव रेखा चौधरी, सुरेन्द्र सुहाने, डॉ.संदीप सबलोक, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, एनएसयूआई अध्यक्ष अक्षत कोठारी, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, समीर खान, योगराज कोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

# भाजपा सरकार के साथ मध्यप्रदेश गढ़ रहा विकास के नये-नये कीर्तिमान : राजपूत

## राहतगढ़ से बेरखेड़ी मार्ग होगा फोरलेन, राशि स्वीकृत



**जागरण, सागर।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिह राजपूत के विशेष प्रयास से सुरखी विधानसभा के तहत राहतगढ़ क्षेत्र के लिए 731.36 करोड़ की राशि आवंटित कर राहतगढ़ से बेरखेड़ी फोरलेन मार्ग की बड़ी सौगात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय मंत्री गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं मंत्री राजपूत का आभार व्यक्त किया। मंत्री राजपूत ने कहा कि आज हमारे क्षेत्र के लिए यह बड़ी सौगात मिली है। भाजपा सरकार के साथ मध्यप्रदेश विकास के नये आयाम छू रहा है। निरंतर यह विकास रथ इसी तरह चलता रहेगा।

राहतगढ़-बेरखेड़ी मार्ग को फोरलेन की स्वीकृति पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सुरखी विधानसभा सहित पूरे बुंदेलखंड के लिए यह बड़ी सौगात है। इस सड़क के विस्तार से यह क्षेत्र सुगम आवागमन के साथ दुर्घटनाओं से मुक्त सफर वाला होगा।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक राष्ट्रीय राजमार्ग 146 के 10.079 किमी हिस्से को फोरलेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना भोपाल कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है।

यह परियोजना राहतगढ़ के घनी आबादी वाले शहर को बायपास करेगी और निर्बाध और तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग 44 और राजमार्ग 346 को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

# नवरात्रि विशेष : मां हिंगलाज देवी मंदिर आए थे पांडव

**जागरण, सागर।** नेशनल हाइवे फोरलेन क्रमांक-44 पर बांदरी के निकट स्थित मेहर में धसान-कड़ान नदी के पावन तट पर अति प्राचीन मां हिंगलाज देवी का मंदिर स्थित है। वैसे तो यहां पूरे साल भक्त दर्शनार्थ आते हैं पर नवरात्र के दौरान मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मंदिर के पास एक रहस्मयी गुफा है जिसका गुप्त मार्ग गढ़पहरा स्थित अनगढ़ देवी तक जाता है।

मंदिर जुड़ी प्राचीन किवदंती के अनुसार मेहर के मां हिंगलाजदेवी मंदिर में अज्ञातवास के दौरान पांडव आए थे। इस मंदिर में मां हिंगलाज देवी के अलावा भगवान शिव, बारह ज्योर्तिलिंग, काल भैरव, रामदरबार, प्राचीन शिवलिंग भी हैं। बताते हैं



कि इस शिवलिंग की स्थापना अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने की थी। मां के दर्शनों के पहले भक्त कालभैरव के दर्शन करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि बरसात के दिनों में एक सुरंग से स्वयं धसान-कड़ान नदी गुप्तेश्वर महादेव का अभिषेक करने आती हैं।

मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में बारह ज्योर्तिलिंग की भी स्थापना की गई थी जिनके दर्शन कर भक्त धन्य हो जाते हैं। 400 चार सौ साल पुराने इस मंदिर प्रांगण में विशाल पीपल, बरगद, बेलपत्र के पेड़ लगे हुए हैं जो यहां आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ाकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। मां हिंगलाज देवी के दरबार में भक्त अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए लाल कपड़े में नरियल बांधकर रखते हैं। इसके अलावा कष्टों से मुक्ति पाने के लिए मां को नीबू की माला पहनाते हैं।

नवरात्र में प्रतिदिन मंदिर के पुजारी द्वारा मां हिंगलाज देवी जी का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं यहां आकर सुहाग की वस्तुएं भी दान करती हैं और अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

मंदिर के पुजारी बताते हैं कि नवरात्रि आते ही मां अंजनी के दरबार में चहल-पहल बढ़ जाती है। यहां आने के बाद श्रद्धालुओं को असीम शांति मिलती है और कष्ट सहज ही दूर होते हैं।

एक समय मंदिर के पास लोग जाने में डरते थे क्योंकि मंदिर के पास नदी में जंगली जानवर पानी पीने आते थे। समय के साथ मेहर की आबादी बढ़ने लगी। लोग यहां पर पूजा करने आने लगे, साधु संतों ने रहना प्रारंभ कर दिया। मंदिर परिसर में कई साधु-संतों की समाधि बनी हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ



**जागरण, सीहोरा।** सेवा सहकारी समिति सीहोरा द्वारा मध्य प्रदेश शासन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का वरुण वेयरहाउस में पूजा अर्चना कर विधिवत्त शुभारंभ किया गया इस अवसर पर राकेश दुबे भगवत शरण सिंह रघुराज सिंह आशीष तिवारी रवि शंकर लोधी कमलेश लोधी कमल सिंह पड़ोसी सहित बड़ी संख्या में कृषक ग्रामीण जन उपस्थित थे पहले ही दिन बड़ी मात्रा में गेहूं की आवक हुईं।

## मालथौन के महाकाली दरबार में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़



**जागरण, मालथौन।** बुन्देलखंड के सागर जिले के मालथौन कस्बे में किले की महाकाली देवी मां का मंदिर सदियों पुराना है। माता का मंदिर राजा महाराजों के समय का प्राचीन किला है यहां के निवासी बताते हैं कि ऐसा स्वरूप मालथौन के किले प्रांगण में विराजमान है। अंग्रेजों के समय झांसी की रानी के समय की चौकी बनी हुई थी। आल्हा ऊदल में उल्लेख भी है कि पथरीगण के नाम से मालथौन का प्राचीन नाम था जिसका उल्लेख शासकीय रिकार्ड में भी है। किले प्रांगण में चौपड़ा में वीजक बना हुआ है जो प्राचीनतम का गवाह है। झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई की चौकी थी, राजे महाराजों के राजमहल का मंदिर बना है। उस समय राजा महाराजा रानियां यहां महाकाली मातारानी की आराधना में लगे रहते थे।

मालथौन के बुजुर्गों का कहना है कि ऐसी प्रतिमा देश में केवल दो ही हैं जो एक कलकत्ता में विराजमान हैं दूसरी मालथौन के किले प्रांगण में विराजमान हैं। जो देखने में अद्वितीय लगती है। सच्चे मन से की गई प्रार्थना महाकाली के दरबार में पूर्ण होती है। चमत्कारिक माता सिद्धवानी माता का दरबार है। यहां पर भक्त मातारानी के दरबार में अपनी मुरादें लेकर दर्शनों को आते हैं। देश विदेश के श्रद्धालु अपना मत्था टेकने वर्ष में एक या दो बार जरूर आते हैं। नवरात्रि में यहां दर्शनों के लिये भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है। वैसे यहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। मातारानी के भक्त अपनी श्रद्धा से भक्ति में लीन बने रहते हैं। सुबह 4 बजे से महाकाली माता रानी के दरबार में जल अर्पित करने भक्त पहुंचते हैं व दर्शन कर अपने आप को धन्य करते भक्त मातारानी के दरबार में मां की आराधना निरंतर करते रहे हैं। सुबह सुबह मातारानी के आशीर्वाद से प्रभातफेरी कस्बे की परिक्रमा करते हुये मंदिर पहुंचती है। यह सिलसिला कई वर्षों से आ रहा है। किले प्रांगण में हनुमान महाराज, शिव जी का भी मंदिर बना हुआ है जो वर्षों पुराना है एवं श्री कालभैरव, पीरबाबा, बड़े सिद्धबाबा आदि कई देवी-देवता विराजमान हैं। मातारानी के भक्त हनुमान जी व शिव जी के मंदिर में आस्था प्रकट करते हैं। मातारानी के भक्त दरबार में अखण्ड रामायण नवरात्रि में विशेष रूप से करते हैं। मां की उपासना में तल्लीन मालथौनवासियों पर मातारानी का ऐसा आशीर्वाद है कि प्राकृतिक आपदा नहीं आती। वास्तव में किला प्रांगण मंदिर यहां का हृदय स्थल है।

यहां के दशहरा मैदान में धार्मिक आयोजन निरंतर चलते रहते हैं। देवी मां के आशीष से वर्षभर जल स्तर चौपड़ा कुआं झरना हमेशा ही बना रहता है। यहां की महिमा है कि जलसंकट में जलापूर्ति हमेशा होती रहती है। किले प्रांगण का हरीभरी घास और वृक्षों की छांव में लोग वर्ष भर आनंद लेते हैं बरसात के दिनों झरने का अद्भुत दृश्य देखते ही बनता है। यहां अभी भक्तों का रेला बना हुआ है।

# नेशनल हाईवे के अंधे मोड़ पर आए दिन हो रहे सड़क हादसे



**जागरण, राहतगढ़।** पुलिस थाना अंतर्गत सागर विदिशा मार्ग पर ग्राम मीरखेड़ी के आगे बावना पुल के पास स्थित सड़क के ब्लेक स्पॉट अंधे मोड़ पर आए दिन सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। जिसके चलते कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर इसका खामियाजा अपनी जान देकर भुगत रहे हैं। बीते दिवस भी हुए सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे मार्ग पर बीते दिवस हुए इस सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती पूजा विश्वकर्मा 23 वर्ष निवासी राहतगढ़ की मौके पर मौत हो गई थी जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराने सिविल अस्पताल भेजा वहीं एक युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया। उल्लेखनीय है कि इस अंधे मोड़ पर आए दिन सड़क हादसे सामने आते हैं। यहां घुमावदार सड़क एवं किनारे लगे पेड़ पौधो के कारण दोनों तरफसे आने जाने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। जिससे जाने अनजाने में दुर्घटनाएं हो जाती हैं। ग्रामवासियों के मुताबिक इस मोड़ की सड़क पर बीते कुछ साल में कई सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। ज्ञातव्य हो कि इस मामले को लेकर पूर्व में भी ग्रामवासियों एवं समाचार के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया लेकिन अभी तक इस जानलेवा समस्या का कोई हल नहीं निकला। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर ने बताया कि सड़क के मोड़ को व्यवस्थित कराने एसडीएम पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग को पत्र लिखा है। वहीं एनएचएआई के प्रबंधक शिवराज सिंह मीणा का कहना है कि इस मोड़ को समाप्त करने की प्रक्रिया को लेकर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाया स्कूलों में प्रवेशोत्सव

**जागरण, राहतगढ़।** नगर की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मंत्री प्रतिनिधि अरविंदसिंह राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सीईओ एसके प्रजापति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन करते हुए कहा कि कन्याएं अब अभिशाप नहीं वरदान हैं। मध्यप्रदेश सरकार कन्याओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना लाड़ली बहना योजना एवं कई प्रकार की योजनाएं चलाकर लाभ दे रही है। कार्यक्रम में बीईओ एनके तंतुवाय संस्था प्राचार्य आरके कपूर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी सहित संस्था के समस्त शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रही। वहीं स्थानीय सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि अरविंदसिंह राजपूत व विशिष्ट अतिथि एसडीएम अशोक कुमार सेन एवं मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी रहे। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओं को प्रेरक कहानी के माध्यम से प्रोत्साहित किया व अपने उद्बोधन में बताया कि मध्यप्रदेश सरकार सभी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रयासों से लगभग 38 करोड़ की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है इसलिए छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय भेजें। कार्यक्रम में पार्षद प्रवीण गोस्वामी पूरनसिह लोधी बीईओ एनके तंतुवाय प्राचार्य सुरेश पटेल आरके कपूर बीआरसी जगदीश कुर्मी विनोद ताम्रकार मुकेश मिश्रा ज्योति आठिया सनातन तिवारी नवीन राय नीरज मिश्रा पुष्पलता कुशवाहा रमेश मिश्रा महेश रोहित आनंद जैन आदित्य श्रीवास्तव शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## विप्र समाज ने किया महापौर का सम्मान

**जागरण, सागर।** विप्र समाज की वर्षों से लंबित मांग को महापौर संगीता तिवारी ने पूर्ण किया है। सिविल लाइंस चौराहा का नामकरण भगवान परशुरामजी के नाम पर करने का निर्णय नगर निगम परिषद की बैठक में पारित किया गया है। विप्र समाज के पदाधिकारियों ने महापौर को पुष्पगुच्छ एवं चुनरी भेंट कर सम्मान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा लगाने का आग्रह भी किया जिस पर महापौर श्रीमती तिवारी ने सहमति जताते हुए कहा कि यह मांग भी शीघ्र पूर्ण की जाएगी।

**प्रशासनिक** | बंडा, शाहगढ़ में अधिकारियों ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# योजना बनाएं, गांव में नहीं हो पेयजल संकट: कलेक्टर

**जागरण, सागर।** पानी बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें। पेयजल संकट न हो इसके लिए कार्ययोजना बनाएं एवं गांव गांव में बने संपर्क ग्रुप के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी लें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जीआर ने बंडा एवं शाहगढ़ में आयोजित अधिकारियों एवं फील्ड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ विवेक केव्ही, एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, एसडीएम नवीन सिंह ठाकुर, एसडीओपी शिखा सोनी, टीआई उपमा सिंह, सीईओ जनपद पंचायत सहित सभी अधिकारी एवं फील्ड के अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर बुधवार को जिले के बंडा, शाहगढ़ में सभी जिला अधिकारियों सहित फील्ड के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेने के लिए मौजूद थे। जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। इन लोक हितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य करें। शासन की सभी योजनाओं में शत प्रतिशत हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है।



उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी/कर्मचारी समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर पूरी लग्न और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों को संपन्न करें। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छोटी-छोटी नदियों, नालों को पुनर्जीवित करने के लिए अभियान प्रारंभ करें जिससे कि पानी रोकने में सहायता हो। दिव्यांगों के लिए सभी शासकीय भवनों में रैंप स्लोप मानक के अनुसार बनाएं जिससे कि दिव्यांग जनों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खोलें और उसमें नाश्ता एवं भोजन वितरण में पर्याप्त अंतर रखा जावे। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मुनगा के पौधे लगाएं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाले मध्याह्न भोजन में पौष्टिक भोजन वितरित हो इसके लिए भी लगातार प्रयास किए जाएं। रंगीन रोटी कैंपेन के माध्यम से रोटी में मुनगा के पत्ते, पालक के पत्ते, चुकंदर आदि का उपयोग कर रोटी को और पौष्टिक बनाया जाए।

## निगमायुक्त की गाड़ी को लेकर कुर्की की चर्चा!

**जागरण, सागर।** बुधवार की दोपहर निगम आयुक्त को कोर्ट द्वारा छह लाख रुपए की रिकवरी के एवज में वाहन को कुर्क करने का आदेश चर्चा में रहा। हालांकि खबर लिखे जाने तक निगम की ओर से इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है और अधिकारियों और कर्मचारियों ने मोबाइल रिसीव करना भी बंद कर दिया। सूत्रों के मुताबिक निगमायुक्त की गाड़ी पर कोर्ट के आदेश के बाद एक नोटिस चस्पां किया गया था। इसमें इस बात का उल्लेख है कि छह लाख रुपए की रिकवरी को लेकर इस वाहन को कुर्क किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस नोटिस के बाद यहां हड़कंप की स्थिति हो गई और निगम प्रशासन के मौखिक निर्देश के बाद उक्त वाहन को भी यहां से वहां कर दिया गया। हालांकि इसके बाद भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## जन जागरुकता रैली का किया आयोजन

**जागरण, सागर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खुरई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव-गांव में जन जागरूकता हेतु रैली एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महुनाजट द्वारा ग्राम दलपतपुर में जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल द्वारा उपस्थित बच्चों एवं ग्रामवासियों को जल गंगा संवर्धन की जानकारी देते हुए कहा कि हमें आने वाले दिनों में जल संरक्षण करना है एवं जल को व्यर्थ नहीं बहना है।

ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षित करके रखना है जिससे गर्मी में पानी की समस्या ना हो और यदि हम आज जल संरक्षित करेंगे तो आने वाली पीढ़ी को हम जल उपलब्ध करा सकते हैं। इसके बाद ग्राम में जल संरक्षण के नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकल गई रैली में बच्चे, ग्रामवासी, नवापुर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## ग्राम मीरखेड़ी में मनाया प्रवेशोत्सव



**जागरण, राहतगढ़।** ब्लाक के ग्राम मीरखेड़ी में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि सरपंच संघ अध्यक्ष रिषभ ओसवाल एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ संजीव राय थे। अध्यक्षता पटवारी श्रीमती हिमांशु चौकसे द्वारा की गई। इस दौरान पंचायत द्वारा कार्यक्रम प्रभारी एवं समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया और बच्चों का स्वागत कर शिक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया। साथ ही शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में श्रीमती ममता ओसवाल प्राचार्या श्रीमती सुमनलता ठाकुर श्रीमती कल्पना कपूर नारायण कुर्मी सचिव मुन्नालाल प्रजापति रामनाथ श्यामलाल अहिरवार राजकुमार चढ़ार शिवराज साहू सहित समस्त शिक्षक ग्रामवासी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### सीएम राइज में सर्किल मीटिंग का आयोजन



**जबेरा।** सीएम राइज विद्यालय जबेरा में प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाए जाने के पश्चात विद्यालय के विधिवत संचालन हेतु सर्किल मीटिंग का आयोजन प्राचार्य संजय बाजपेई, उप प्राचार्य अजय सिंघई एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। सर्किल मीटिंग में समय विभाग चक्र का पालन, कक्षाओं का नियमित संचालन, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सहित पाठ्यक्रम संचालन एवं बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा, सुखनंदन साहू की उपस्थिति रही।

### नरवाई न जलाने किसानों को किया जागरूक

**दमोह।** बटियागढ़ के ग्राम खडेरी में कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अनाउंसमेंट कर नरवाई ना जलाने को कहा गया। साथ ही नरवाई जलाई जाती है तो उसे पर अर्थ दंड की जानकारी दी गई। इस सबंध में उप संचालक कृषि ने बताया यदि किसान भाई नरवाई जलाते हैं तो उन्हें अर्थदण्ड देना होगा। उन्होंने बताया दो एकड़ तक का किसान को 2500 का अर्थदंड देना होगा अगर दो एकड़ से पांच एकड़ तक का किसान को 5000 तक का अर्थदंड देना होगा और अगर 5 एकड़ से अधिक का किसान को 15000 तक का अर्थदंड देना होगा।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** जिला कलेक्ट्रेट जनसुनवाई एवं दमोह हेल्पलाइन के माध्यम से जिले के दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड न बनने से संबंधित शिकायतें/सूचनायें प्राप्त होती हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस प्रकार की शिकायतों/सूचनाओं के निराकरण कराने एवं पात्र दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड जिला मेडीकल बोर्ड के माध्यम से जारी कराये जाने की नियमित निगरानी एवं समन्वय हेतु जिला स्तर पर सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी प्रतीक्षा सिंघई को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

## स्थापना दिवस की तैयारी, जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया

# 6 को कार्यकर्ता सम्मेलन कर 6 दिन गांव-बस्तियों में पहुंचेगी भाजपा

**जागरण दमोह।** भाजपा जिला कार्यालय में जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई जिसमें पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, जनपद अध्यक्ष प्रीति सिंह मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि 6 अप्रैल को प्रत्यके बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाना है। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। अभियान के दौरान उन्हें मंदिर, अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान चलाना है। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करना है। जल संरचनाओं की सफाई में भी सहभागिता करना है, कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर सभी गलियों में यात्रा निकालना है तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर जाना है।

वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान करना है और उनके अनुभव का लाभ लेना है। उन्होंने कहा कि भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना है तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करना है तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए।

पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस पर प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में प्राथमिक सदस्यों और सक्रिय सदस्यों के साथ सम्मेलन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक और गौरवशाली कार्यकाल को प्रत्येक बूथ पर जाकर जाकर लोगों को बताना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को आंदोलन बना दिया, जन धन खातों के माध्यम से आम जनता को बचत करने का संदेश दिया, प्रधानमंत्री आवास,




किसान सम्मान, आयुष्मान योजना, नल से जल जैसी सैकडो कल्याणकारी योजनाओं चलाई साथ ही संस्कृति की रक्षा के लिए भगवान राम के मंदिर का निर्माण भी किया। मोदी जी नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं अर्थ व्यवस्था बन चुकी हैं और 2047 तक तीसरी अर्थ व्यवस्था बन जाएगी। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने संगठनात्मक विषयों की जानकारी दी और स्थापना दिवस 6 अप्रैल से शुरू होने वाले कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर और शक्ति केंद्र पर जाकर आयोजित किए जाने की जानकारी दी।

इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने किया और आभार जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, चन्दभान पटेल, अरुण तिवारी, जिला मंत्री संजय यादव, अरविंद उपाध्याय, ब्रजेश दुबे, वर्षा रैकवार, रश्मि साहू, अनिता खरे, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष एड हरिश्चंद पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक रिजवी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## पौड़ी मानगढ़ में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जागरण जबेरा।** मप्र शासन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशन में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत जबेरा जनपद की शासकीय हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में प्रवेश उत्सव विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के मार्गदर्शन एवं सरपंच मनोज राय की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन कर किया गया। उसके पश्चात छात्र.छात्राओं को तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत करते हुए शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा पांचवी छठवीं सातवीं आठवीं एवं नवमी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को प्राचार्य रामकिंकर शर्मा एवं सरपंच मनोज राय द्वारा पेन कंपास एवं नोटसबुक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मनोज राय ने प्रवेश उत्सव का आयोजन शासन द्वारा कराए जाने को एक शानदार पहल बताया।

वहीं विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा ने सभी छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित स्कूल आने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक चरण सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह, गायत्री मरावी, माया यादव, संध्या दुबे, नितेश साहू, धनपत मेहरा, ऋषभ चौरसिया, सोबरन सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, निमेष अग्रवाल, प्रकाश सिंह, अहमद शाह, सुखदेव राय, मनोज सिंह, महेश राय, महेश यादव सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**जागरण दमोह।** सीएम राइज उमावि विद्यालय दमोह में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मलैया ने निर्मित विद्यार्थी साइकिल स्टैंड शेड का लोकार्पण किया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, संतोष रोहित, भीम पटेल, संजय सेन, सुरेश पटेल, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, डीपीसी शैलेंद्र असाटी, एपीसी मोहन राय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दमोह बीआरसी एवं छात्रों की गरिमामय में उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। नवप्रवेशी 8 घुमक्कड़ परिवारों के बच्चों का प्रवेश किया गया। सभी बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान एवं अधिकतम उपस्थिति वाले छात्रों का



शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यालय की ओर से चार शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया। विद्यार्थियों पालकों, जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समापन उपरांत विद्यार्थियों के लिए बिस्कुट पैकेट का वितरण किया गया।

### 7 दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अंतर जिला मिलिंग हेतु प्रदाय धान के सत्यापन/जांच हेतु जिले में जॉच दल का गठन किया हैं। जांच दल में अध्यक्ष अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयोजक प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी, सदस्य सहायक आयुक्त सहकारिता/महाप्रबंधक सीसीबीए सदस्य जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पो, सदस्य जिला प्रबंधक मप्र वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पो बनाये गए हैं। उक्त जांच दल द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अंतर जिला मिलिंग हेतु प्रदाय धान के सत्यापन/जांच कर 7 दिवस में जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

## व्याख्याता विमला धुर्वे के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

**जागरण जबेरा।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय जबेरा में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती विमला धुर्वे के 42 वर्षीय सेवाकाल समाधि पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ सहित उपस्थित अतिथियों ने शिक्षिका श्रीमती धुर्वे के कार्यकाल की सराहना की एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन सरपंच शिवलाल धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने व्याख्याता श्रीमती विमला धुर्वे का फूल मालाओं और शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पित समय की पाबंद और सहज सरल स्वभाव के लिए व्याख्याता श्रीमती धुर्वे को हमेशा याद किया जाएगा।



वही पौड़ी मानगढ़ प्राचार्य रामकिंकर शर्मा ने व्याख्याता श्रीमती धुर्वे का सम्मान करते हुए कहा कि मुझे काफी लंबे समय तक श्रीमती धुर्वे मैडम के साथ विद्यालय में शिक्षण कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है और उनके समय का पाबंद रहते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की कला सभी शिक्षकों को प्रेरणा देती है। विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासन की एक प्रक्रिया है जिसका पालन सभी को करना है किंतु व्याख्याता श्रीमती धुर्वे मैडम के विद्यालय के प्रति समर्पण भाव और सराहनीय का शैली के लिए हमेशा याद किए जाएंगी। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ ने वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती विमला धुर्वे का सम्मान कर उन्हें भगवान राधा कृष्ण की मनमोहक तस्वीरें भेंट करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। संचालन शिक्षक राजेश जैन द्वारा किया गया। विदाई समारोह में नगर के सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर व्याख्याता धुर्वे का सम्मान करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

## शासकीय उत्कृष्ट उमावि मालथौन में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**जागरण मालथौन।** 1 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट उमावि मालथौन में प्रवेशोत्सव नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमति मालती अहिरवार की अध्यक्षता में मनाया गया । बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जी रामछायरी जनप्रतिनिधि धर्मेन्द्र अहिरवार संस्था के प्राचार्य डीके गुप्ता एवं संस्था के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे । मंच संचालन माध्यमिक शिक्षक नंद किशोर पटेल द्वारा किया गया ।

## शाला को आवश्यक सामग्री भेंट की



**जागरण मालथौन।** शासकीय प्राथमिक शाला रिछा में गांव के वरिष्ठ मनोहर सिहं जाट मूरत सिहं जाट एवं देशराज सिहं आप सभी ने शाला की शैक्षणिक आधारित अन्य व्यवस्था कार्यक्रमों और शिक्षकों का विद्यालय के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर शाला को आवश्यक फर्नीचर पानी का कैंपर सप्रेम भेंट किया इससे पूर्व ग्राम पंचायत मडावन पायक के सरपंच श्री भरत तिवारी दिनांक 1 अप्रैल 2025 को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शाला के प्रत्येक कक्ष में एक.एक पंखा उपहार स्वरूप भेंट किए एवं शाला छत की मरम्मत करने का जिम्मा अपने हाथ में लिया ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का कहना था कि शाला की समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है शैक्षणिक व्यवस्था साफ सफाई स्वच्छता साफ स्वच्छ खेल का मैदान स्वच्छ शौचालय उपस्थित सभी नागरिकों ने अच्छी और सुंदर व्यवस्था के लिए शिक्षक शाला प्रभारी विजय सिहं गौड की सराहना की हमारे विद्यालय के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ है जो समाज में जनकल्याण के कार्य भी करते रहते है समय.समय पर विभिन्न रैलियो का आयोजन स्वच्छता जागरूक अभियान जलसंरक्षण का प्रचार.प्रसार दीवार लेखन हम ग्रामवासी अपने शिक्षकों को धन्यवाद सहित आवश्यक सामग्री फर्नीचर कुर्सियां टेबल रैक पानी कैंपर सप्रेम भेंट करते हैं जब हमारे विद्यालय के शिक्षक हमारे बच्चों के लिए एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं के लिए अपनी वेतन में से व्यय कर सकते हैं तो हम ग्रामवासी क्या हमारे विद्यालय के लिए इतना सहयोग नहीं कर सकते।

## शाला प्रवेशोत्सव पर सरस्वती पूजन किया




**जागरण बरौदिया कलां ।** स्कूल चले अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीनादेवी कुशवाहाएकलेक्टर प्रतिनिधि प्रभुशंकर खरे संस्था प्राचार्य बी एस लोधी पार्षदगण दयाराम चौरसिया कोमल यादव,बलराम सिंह ठाकुर,चुन्नीलाल कुशवाहा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया ।

छात्र छात्राओं को रोली लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बी एस लोधी ने संबोधित करते हु,शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त प्रकार की सुविधाओं की जानकारी दी उन्होंने कहा कि विद्यालय सीएम राइज हो जाने के कारण जो सुविधाएं प्राइवेट विद्यालयों द्वारा दी जा रही है उनसे अधिक उच्च स्तर की शैक्षणिक व्यवस्था विद्यालय द्वारा प्रदान की जायेंगी कलेक्टर प्रतिनिधि प्रभुशंकर खरे ब्डव् नगर परिषद बरौदिया कलां ने स्वच्छता,स्वास्थ्य शिक्षा पर बल दिया पार्षद कोमल यादव,बलराम सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी विद्यालय में छात्र हितों हेतु आवश्यकता होगी उसे हम शासन द्वारा अवश्य उपलब्ध करायेंगे अंत में विद्यालय के प्राचार्य बी एस लोधी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ में छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा नि शुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया मंच संचालन दीपक साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम की रूपरेखा में विद्यालय के शिक्षक श्रीमती सविता विश्वकर्मा,श्रीमती रश्मि सोनी,श्रीमती बरखा घनघोरिया,अभिषेक सिंह ठाकुर राम चौरसिया ने सहयोग किया।

## प्रभु श्रीराम के साथ निषादराज की मित्रता प्रेरणादायक मिसाल : राजपूत



**जागरण जैसीनगर ।** नगर में प्रभु श्री राम के सखा निषादराज का जन्मोत्सव जैसीनगर रैकवार समाज ने हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। मुख्य कार्यक्रम मंगल भवन प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आकाश सिंह राजपूत और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए । मुख्य अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के सभी वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया । जिला सतर्कता समिति सदस्य नरेंद्र डब्बू आठिया ने अपनी ओर से समाज के निषादराज अखाड़े को 5 हजार रूपये की अखाड़े की सामग्री भेंट की जिस पर रैकवार समाज ने नरेंद्र डब्बू आठिया का शाल श्रीफल से सम्मान किया। आकाश सिंह राजपूत ने निषादराज और भगवान श्री राम की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि निषादराज की मित्रता और सेवा भाव सामाजिक सद्भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल हैं उन्होंने कहा कि जैसे निषादराज की प्रभु श्री राम से मित्रता थी ऐसी ही आपकी और हमारी मित्रता हैं। मंगल भवन प्रांगण से गाजे बाजे अखाड़े डीजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में ट्रैक्टर पर संजीव नाव पर बैठे भगवान श्रीराम मां सीता लक्ष्मण केवट द्वारा गंगा पार कराते हुए झांकी सजाई गई थी शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंगल भवन में आकर समाप्त हुई।

## भक्तिभाव से निकलेगी झंडा चढ़ावा पैदल यात्रा

**जागरण राहतगढ़ ।** नगर में ज्वाला देवी मंदिर से प्रतिवर्ष की भांति निकलने वाली झंडा चढ़ावा पैदल यात्रा भक्तिभाव से निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार सन 1992 की चैत्र नवरात्रि से प्रारंभ यात्रा का यह 33 वां वर्ष है जिसमें 69 मीटर झंडे के साथ झंडा चढ़ावा पैदल यात्रा निकलेगी। झंडा चढ़ावा पैदल यात्रा गाजे बाजे एवं अखाड़े के साथ नवरात्रि की पंचमी आज गुरुवार को सुबह 9 बजे से मां ज्वाला मंदिर वार्ड 15 रामनगर से मां ज्वाला देवी मंदिर जलंधर के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा प्रभारी प्रीतम उस्ताद ने बताया कि यह यात्रा नगर में खुशहाली अमन चैन सुख समृद्धि की कामना को लेकर निकाली जाती है। जिसमें सभी नगरवासियों का सहयोग रहता है। यात्रा में सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

## संपत्ति का मूल्यांकन करने गाइडलाइन जारी

**जागरण दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मूल्यांकन समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 के अधीन राज्य शासन द्वारा स्थावर संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु बनाये गये नियमों मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के तहत केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन उपरांत, उपबंधों सहित अचल संपत्ति के मूल्यांकन हेतु गाईडलाईन वर्ष 2025.26 को नियम 4 (2) (घ) के अंतर्गत जारी किये हैं। यह गाईडलाईन तत्काल प्रभावशील होकर विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

## विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया



**जागरण मालथौन।** शासकीय प्राथमिक शाला रिछा मालथौन में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच भरत तिवारी मदन मोहन दुबे जन शिक्षक रामानंद शर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हलले लोधी शैलेंद्र सिंह जाट देशराज जाट लाल सिहं लोधी सुनील दुबे गोपाल जाट रामचरण अहिरवार रामलाल प्रजापति श्रीमती कस्तूरी बाई श्रीमती मीराबाई श्रीमती पूजा लोधी श्रीमती सुहागरानी लोधी श्रीमती मालती अहिरवार कुमारी क्रांति अहिरवार की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव आप सभी ने समस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण के साथ स्टेशनरी शाला प्रबंधन समिति रिछा द्वारा प्रदान की गई। उपरांत बाल सभा का आयोजन किया गया जिसे मैं बच्चों ने अपने विद्यालय की बीती बातें सरपंच को सुनाई बाल सभा के उपरांत साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हल्ले लोधी की अध्यक्षता में शाला प्रबंधन समिति सत्र की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शैक्षणिक व्यवस्था व्यवस्था विद्युत व्यवस्था सफाई व्यवस्था आदि बातों पर सहमति बनी। प्रवेश उत्सव 2025.26 में विद्यालय परिवार द्वारा ऐसी विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधि सरपंच द्वारा कक्षा 5 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के माता.पिता सहित प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया एवं विद्यालय में अधिक उपस्थित पिछले सत्र मे आने वाले विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र से सरपंच द्वारा सम्मानित किया गया सरपंच और उपस्थित नागरिकों ने अपने विचार रखे और विद्यालय के प्रचार प्रसार व्यवस्था शिक्षण व्यवस्था अन्य कार्यक्रमों की प्रशंसा की अपने उपस्थित नागरिकों ने भी अपने.अपने विचार राखे।

## निषादराज जयंती पर रैकवार समाज ने निकाली शोभायात्रा



**जागरण गौरझामर।** नगर में श्री राम भगवान के प्रिय सखा निषादराज जयंती सर्व रैकवार समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में निषादराज व केवट के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विशेष पूजा. अर्चना की गई। जिसमें भंजन मंडलियां एवं बैंड बाजो के साथ निषादराज जयंती का भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया जिसमें सर्व रैकवार समाज की माताएं बहने बच्चे बुजुर्ग सभी ने बढ़.चढ़कर शोभायात्रा में अपना योगदान दिया भव्य चल समारोह के दौरान भगवान राम लक्ष्मण और सीता मैया के साथ निषाद राज की सुंदर झांकी निकाली गई शोभा यात्रा देवजानकी रमण मंदिर से खेरापति माता मंदिर इतवारा बाजार पुत्रीशाला न्यू मार्केट बस स्टैंड संकट मोचन हनुमान मंदिर पुलिस थाने महाकाली तिराहा बड़े जैन मंदिर से होते हुए वापस देवजानकी रमण मंदिर पहुंची जहां निषादराज जयंती पर नगर में जगह.जगह स्वागत किया गया प्रांगण में समापन किया गया जो बड़ी संख्या में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु मौजूद थे।

## न्यूज कार्नर

### अभियान के तहत की जा रही है जलाशयों की सफाई

**रायसेन।** जल संरक्षण हेतु जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न जलाशयों, डेमों की पाल पर सफाई कार्य कराया गया। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में तालाब, जलाशय, डेम, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई और गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि उनमें बारिश का अधिक से अधिक पानी संग्रहित हो। इसी प्रकार गैरतगंज, बेगमगंज, गौहरगंज, बाड़ी, बरेली, सांची सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने उठाए जाएं कारगर कदम

**रायसेन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने गत बैठक में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने दिए गए निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई तथा एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित सड़क मार्गो पर केट आई तथा रंबल स्ट्रिप लगाए जाएं। साथ ही सड़कों के किनारे संकेतक भी लगाए जाएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बैठक में उमरिया जोड़, सेंडोरा चौकी बायपास जोड़, रतनपुर तिराहा, मण्डीदीप-सतलापुर तिराहा ब्रीज सहित अन्य चिन्हित सड़क मार्गो पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यात्रियों को सुविधा हेतु दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की नियमित जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र, मेडिकल किट सहित अन्य मापदण्डों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### रघुवंशी समाज ने दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की

# पुलिस की बर्बरता के विरोध में रघुवंशी समाज का उग्र प्रदर्शन, किया चक्काजाम

**जागरण, सिलवानी**

रविवार की देर रात पुलिस की घर में घुसकर खुलेआम गुंडागर्दी के मामले में रघुवंशी समाज द्वारा बुधवार को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बजरंग चौराहा से वाहनों की रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंच कर आमसभा की गई। आमसभा के बाद एसडीएम पीसी शाक्य को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद आक्रोशित रघुवंशी समाज द्वारा राजमार्ग 44, थाने के सामने चक्काजाम किया गया। समाज के लोगों ने सड़क पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सिलवानी थाना क्षेत्र के ग्राम साईंखेड़ा के एक प्रतिष्ठित परिवार के साथ पुलिस ने घर में घुसकर अभद्रता की थी। परिजनों ने पुलिस पर शराब के नशे में होने के भी आरोप लगाए थे। थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह कुशवाहा के साथ चार पुलिस कर्मियों



की करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुशवाहा ने सिविल ड्रेस में बृजेश चौधरी के घर के गेट पर जमकर लातें मारी और गाली गलौज की थी। इस दौरान एसडीओपी अनिल मौर्य ने लिखित में दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की अनुशंसा पुलिस अधीक्षक को करने संबंधी पत्र सौंपा गया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ज्ञापन सौंपने वालों में उमाशंकर सिंह रघुवंशी प्रदेश अध्यक्ष रघुवंशी समाज, शिवबरन सिंह रघुवंशी, राम प्रताप रघुवंशी, पटेल रघुवर सिंह रघुवंशी, ग्राम पठा पटेल महेश रघुवंशी, ग्राम मुआर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी, मोहन मुरारी रघुवंशी, पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष रामेश्वर रघुवंशी, उदयपुरा एडवोकेट चतुर नारायण रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष देवरी अजय पटेल, जिला अध्यक्ष युवा रघुवंशी समाज दीपक रघुवंशी, शिवकुमार रघुवंशी, संभाग मीडिया प्रभारी रघुवंशी समाज भगवत सिंह रघुवंशी, केशव रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### यह था पूरा मामला

रविवार की देर रात पुलिस ने घर में घुसकर संदेही के साथ जमकर अभद्रता की थी, संदेही एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जिनका नाम जसमन सिंह रघुवंशी है। उनके परिवार के साथ भी पुलिस ने अभद्रता की थी। परिजनों ने पुलिस कर्मियों पर शराब के नशे में होने का भी आरोप लगाया था। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुशवाहा, हेड कांस्टेबल रामाधार रघुवंशी, आरक्षक गुलशन कुमार, बृजेश कुमार सेन तथा एक अन्य आरक्षक ने सिविल ड्रेस में ग्राम साईंखेड़ा में बृजेश चौधरी के घर के गेट पर जमकर लाते और डंडे मारकर और परिजनों से गंदी गंदी गालियां देकर गाली गलौज की।

# मीना समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान मीनेष का प्रकटोत्सव



**जागरण, रायसेन**

भगवान विष्णु के प्रथम अवतार मीना समाज के आराध्य देव भगवान मीनेष की जयंती बुधवार को जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। जयंती अवसर पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे मीना समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं और बालिकाएं सर पर कलश लेकर सबसे आगे चल रही थीं। एक रथ पर भगवान मीनेष की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। समाज के लोग नाचते गाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम स्थल यशवंत गार्डन में मीना समाज द्वारा विशाल आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में समाज बंध मौजूद रहे। भगवान मीनेष की पूजा अर्चना के पश्चात विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

### पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

शोभायात्रा से पहले मीणा समाज के लोगों ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, मलखान सिंह मीणा, करन सिंह मीणा, राज मीणा, ओम प्रकाश मीणा सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों को तिलक लगाकर दिलाया कक्षा में प्रवेश

**जागरण, सांची**

नगर के नगर के सीएम राईज स्कूल में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्राचार्य अनील दिक्षित एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने विघार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पूरेवाराम अहिरवार ने बच्चों को शैक्षणिक किट प्रदान की।

उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा दिलाना हमारा पहला कर्तव्य है कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि रघुवीर सिंह चौहान की उपस्थिति में बच्चों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाकर नवीन कक्षा में प्रवेश दिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई। स्कूल चले हम



अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में एकीकृत बालक शासकीय माध्यमिक शाला मेहगांव में बीआरसीसी अयोध्या प्रसाद शर्मा ने कक्षा एक में नव प्रवेशित बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल भेंट की एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संकुल सह समन्वयक साक्षरता इमरत सिंह शाक्य संकुल केंद्र पगनेश्वर, संस्था प्रमुख मलखान सिंह यादव, मुकेश कुमार साहू, प्रदीप बघेल, महेंद्र बघेल और पालक भी उपस्थित रहे।

### जन समुदाय को लू से बचाव के साधन अपनाने की सलाह

**रायसेन।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार माह अप्रैल-मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागो में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जन समूदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है। जिसके अनुसार जन समुदाय को सलाह दी गई है कि लू (तापघात) के प्रकोप से प्रभाव, लक्षण में सूर्य दाह ताप के कारण शारीरिक ऐठन लक्षण त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि पैरो, पेट की मांसपेसियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्यधिक पसीना आना इसके लक्षण हैं। तापघात या लू होने पर प्रभावित को बार-बार नहलाए। यदि फफोले निकल आएं हो तो स्टरलाइज/ ड्रेसिंग करें।

### पीएम आवास स्वीकृत कराने के नाम पर हितग्राही से मांगी थी राशि

# रोजगार सहायक और शिक्षक पति की सेवाएं समाप्त

**जागरण, रायसेन**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पीएम आवास स्वीकृत कराने हितग्राही से राशि मांगने पर ग्राम पंचायत हिनौतिया खालसा की ग्राम रोजगार सहायक रूकमणी पटेल की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि गैरतगंज जनपद की ग्राम पंचायत हिनोतिया खालसा के जगमोहन लोधी सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि रोजगार सहायक के पति द्वारा पीएम आवास स्वीकृत कराने राशि की मांग की गई है।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा शिकायतकर्ता से इस संबंध में दूरभाष पर बात करने पर शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत कराने के लिये ग्राम पंचायत हिनौतिया खालसा की ग्राम रोजगार सहायक रुकमणी पटेल के पति लक्ष्मण सिंह गुर्जर जो कि प्राथमिक शाला झामर में प्राथमिक शिखक है, द्वारा 25 हजार रुपए तथा शौचालय निर्माण की राशि के भुगतान हेतु तीन हजार रुपए इस प्रकार कुल 28 हजार रुपए लिए गए हैं। शिकायतकर्ता द्वारा शपथ पत्र पर लिखित कथनानुसार यह राशि ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती रूकमणी पटेल के पति लक्ष्मण सिंह गुर्जर को दिया जाना बताया गया। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने गैरतगंज जनपद सीईओ को जांच के लिए निर्देशित किया। जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती रूकमणी पटेल की संविदा सेवा शासकीय राशि के गबन, नैतिक पतन अथवा गंभीर अनुशासनहीनता प्रतीत होने पर तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। साथ ही रोजगार सहायक के पति श्री लक्ष्मण सिंह गुर्जर, प्राथमिक शिक्षक शासकीय शाला झामर को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### शिकायत के बाद हुइ कार्रवाई

शिकायतकर्ता ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत 26 मार्च 2025 को दर्ज कराई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद 28 मार्च 2025 को उच्च अधिकारियों ने मामले की समीक्षा की। आरोपों की पुष्टि होने के बाद ग्राम रोजगार सहायक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही उनके पति लक्ष्मण सिंह गुर्जर, जो प्राथमिक शिक्षक हैं, को भी निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन ने साफ किया कि सरकारी राशि का गबन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई से अन्य सरकारी कर्मचारियों को भी चेतावनी दी गई है कि भ्रष्टाचार करने पर उन्हें भी सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जिपं सीईओ ने यह भी आश्वस्त किया है कि भ्रष्टाचार पीड़ित को उनके हक की पूरी राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

### कलेक्टर-एसपी ने महामाई मंदिर पहुंचकर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कमियों को पूरा करने के दिए निर्देश

# महाकाल लोक की तर्ज पर महामाई लोक कॉरिडोर बनने की संभावना : कलेक्टर सिंह

**जागरण, सिरोंज।**

डांगवाली महामाई के दरबार में आयोजित हो रहे 15 दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने बुधवार को कलेक्टर रोशन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ग्राम वीरपुर स्थित महामाई मंदिर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने महामाई सेवा समिति के संरक्षक विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में स्थानीय प्रशासन एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ समापन पर होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं के लेकर बैठक भी की। महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुई बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने मेले की तैयारियों में प्रशासन के मिल रहे। भरपूर सहयोग की सराहना करते हुए सिरोंज लटेरी के प्राचीन धार्मिक स्थलों के विकास तीर्थ एवं मेला विकास प्राधिकरण से विस्तृत कार्य योजना बनवाकर महामाई मंदिर,बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर, सियाराम बाबा की तपोस्थली आमझिर तथा बड़ी मदागन को तीर्थ क्षेत्र घोषित करवाने में प्रशासनिक सहयोग की बात कही।

### प्रतिदिन दर्शन करने पहुंच रही श्रद्धालुओं की भीड़

इस दौरान विधायक शर्मा ने वर्षों से जनता जनार्दन के सहयोग से आयोजित हो रहे मेले एवं महामाई के ऐतिहासिक इतिहास से भी अवगत कराया। विधायक शर्मा ने मेले की व्यवस्थाओं की सतत चिंता करने तथा जनसुविधा के लिए भरपूर सहयोग प्रदान करने के लिए भी कलेक्टर सहित संपूर्ण प्रशासन की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा मेले के समापन वाले दिन अत्यधिक भीड़ की सुरक्षा एवं यातायात के सुचारू प्रबंध के लिए भी ध्यान आकर्षित कराया। बैठक में कलेक्टर रोशन सिंह ने सभी विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि जिले के इस मेले में सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं जो कुछ नाममात्र की कमियां हैं वह पूरी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि महामाई मंदिर परिसर में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। यहां के समग्र विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करवाने की आवश्यकता है। शासन के सहयोग से उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर हम यहां के विकास एवं सौंदर्य के लिए



महामाई लोक कॉरिडोर कल्पना कर सकते हैं। में जल्द ही यहां एक एक्सपर्ट की टीम को को भेजूंगा जो समिति के सदस्यों से चर्चा एवं स्थल का अवलोकन कर इस क्षेत्र के विकास की योजना तैयार कर मास्टर प्लान बनाएंगे। इसमें हम मध्यप्रदेश तीर्थ, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का भी सहयोग लेने का प्रयास करेंगे तथा बजट आवंटन अनुसार इस क्षेत्र कॉरिडोर बनाने के विकास की दिशा में काम करेंगे। बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षा की दृष्टि से आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचाव हेतु स्थानीय प्रशासन को दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि हम जहां आश्वस्त होते हैं अक्सर गड़बड़ी वही होती हैं इसलिए ऐसे प्वाइंट को चिन्हित करके उनको समय पूर्व दुरुस्त किया जाना चाहिए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए लॉज वायरिंग, खंभों में करंट उतरने से सुरक्षा की मापक जांच कर सर्टिफिकेट जारी करवाने की बात भी कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को मेले में होने वाली मोबाइल चोरी एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में भी जवानों की तैनाती करने की बात कही। साथ ही दें किनारे मेला स्थापित होने से सुरक्षा के मद्देनजर एसडीआरएफ की टीम तैनाती करने की बात कही। उन्होंने खोया पाया विभाग बनाने के साथ मेले में सुरक्षात्मक सूचना बैनर एवं पार्किंग क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरे लगवाने के भी निर्देश दिए।

बैठक के उपरांत समिति के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा के साथ उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं महामाई सेवा समिति के सदस्यों के साथ मेले की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके पूर्व अधिकारियों ने माता महामाई के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना कर जिले के नागरिकों की सुख शांति की कमाना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने अपनी ओर से तथा समिति सदस्यों ने कलेक्टर एवं एसपी का माता की चुनरी उड़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमोलसिंह जाटव, सचिव रमेश यादव, संतोष चौरे, सचिन शर्मा, सरसिज शर्मा, एसडीएम हर्षल चौधरी,एसडीओपी उमेश तिवारी, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं मेला समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# गणगौर पर्व पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, निकाली शोभायात्रा



### अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

**जागरण, गंजबासौदा।**

शहर में गणगौर पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर माता और भगवान ईशर की शोभायात्राएं निकालीं।

महिलाएं माता गणगौर को पूरे श्रृंगार के साथ शाम को शीतला शक्ति धाम प्रांगण में पहुंची। जहां पूजन-अर्चन कर, मंगल गीत गाकर झाले दिये। फिर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। रास्ते पर महिलाओं और कुंवारी लड़कियों ने मंगल गीत गाकर, रास्ते भर नृत्य किए। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने माता-पार्वती और भगवान शंकर की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की।

महिलाएं हाथ ठेला में गणगौर माता की प्रतिमा रखकर चल रही थी। छोटी छोटी बच्चीयों ने भी उत्साह से भाग लिया। भजन और गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन पर भगवान ईशर और माता पार्वती की विशेष पूजा की गई। महिलाओं पारंपरिक गीत-संगीत और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया। भगवान शिव और माता पार्वती के मंगलमय जीवन की कामना की गई। महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। बैंड-बाजों की धुन पर अलग-अलग मंडलियों में कुंवारी लड़कियां और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। और धार्मिक वातावरण बना दिया। गणगौर माता की स्तुति की गई। वहां महिलाओं ने गणगौर माता को जल अर्पित कर अखंड सौभाग्य की कामना की।

### सांसद का जताया आभार

**जागरण, सिरोंज।** सागर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेड़े के प्रयास से मिली है। जिस पर पथरिया दीपनखेड़ा मंडल के भाजपा नेता मंटू रघुवंशी, मानसिंह रघुवंशी, अंकित साहू ने दीदी सासंद लता वानखेड़े सहित केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जताया। जानकारी देते हुऐ राकेश ने बताया कि सागर लोकसभा के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सासंद के अनुरोध पर मात्र एक सप्ताह के भीतर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर 731.36 करोड़ रुपये की लागत से राहतगढ़ बाईपास को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से घनी आबादी को राहत मिलेगी और तेज़, सुरक्षित एवं निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व सासंद लता वानखेड़े के दूरदर्शी विजन के कारण देश के इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी बदलाव हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व सासंद लता वानखेड़े का ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए हृदय से आभार जताया।

# शाला में पहला कदम, प्रवेश उत्सव मनाया

**जागरण, गंजबासौदा।**

शासकीय प्रा. शा. कालापठार के शाला में पहला कदम प्रवेशोत्सव में जनभागीदारी के जिलाधीश के अभिनव प्रयोग के तहत शाला में अनाज तिलहन संघ के पदाधिकारी पहुंचे और प्रवेश समारोह में अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भाग लिया। शाला की मूलभूत व्यवस्थाओं और शानदार कलेवर से अभिभूत होकर अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष सतीश कटारे ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह छात्रो को हर सुविधा उपलब्ध कराई है, वह काबिले तारीफ है, ऐसे कितने शिक्षक है, जो गरीब एसटी, एससी के छात्रों का इतना ध्यान रखते है। शाला की साफ-सफाई से लेकर दीवारों की पेंटिग शाला को और आकर्षित करती है, शाला हर दृष्टि से उत्कृष्ट है। प्रधानाध्यापक को जो भी आबश्यकता लगे हम हमेशा तैयार है, अच्छे कार्य में सहयोग करने में हमेशा अनाज तिलहन संघ आगे रहा है। वहीं महामंत्री अमित अग्रवाल ने कहा कि हमने ऐसी पहली शासकीय शाला देखी है, जिसमें शाला में सुविधाओं के साथ शिक्षकों का योगदान सराहनीय है, यह शाला निजी शालाओं के मुकाबले पर खडी है, यह दिल्ली की शालाओं जैसा कार्य करती नजर आ रही है। हम हमेशा ऐसी शाला के सहयोग के लिए तैयार है। इस दौरान जनपद सदस्य अमृतांशु यादव एवं सरपंच अशोक कुशवाह ने भी शाला प्रभारी और समस्त स्टाप की तारीफ करते हुए ग्राम पंचायत स्तर के किसी भी सहयोग



हेतु तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने शाला की व्यवस्थाओं की जानकारी दी और शाला मे पानी की कमी की ओर उपस्थित अथितियो का ध्यान आकर्षित कराया इसपर अनाज तिलहन संघ ने इस समस्या का शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। इस पर शाला प्रभारी ने कलेक्टर की इस पहल हेतु धन्यवाद करते हुए कहा की अगर अनाज तिहान संघ जैसे संगठन आगे बड़ कर शालाओं का सहयोग करते रहेंगे, निश्चित ही हर अच्छे कार्य करने वालों का मनोबल उत्साह बढ़ेगा और वह दोगुनी लगन से कार्य करेगें। इस मौके पर अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# घर-घर अलख जगाने पहुंच रही यात्रा गायत्री यज्ञ और दीप यज्ञ से दे रहे संदेश

**जागरण, गंजबासौदा।**

मातृशक्ति अखंड दीप की 100वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार से पवित्र अखंड ज्योति कलश का आगमन नगर में हो चुका है। वार्ड क्रमांक चार में अखंड ज्योति कलश का जगह-जगह आरती कर स्वागत किया गया। उसके पश्चात खेड़ापति माता मंदिर पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र दिवाकर व उनकी धर्मपत्नी सुनीता दिवाकर शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य ट्रस्टी श्याम सुंदर माथुर, उपट्रस्टी जयराम अहिरवार, तहसील समन्वयक संगीता शर्मा, गोविंद प्रसाद माथुर, एसके सेनी, बसंत कुमार पांडे, ट्रस्टी महाराज सिंह दांगी, रघुवीर सिंह परिहार, उत्कर्ष दिवाकर, एल आर अहिरवार, विमल सुमन, जगदीश दास



बैरागी, सुनील बडसेना, महेश कुमार दिवाकर, राजेश कुमार साहू, श्रीमती सविता साहू, शशि बडसेना, पूर्व पार्षद हेमंती अहिरवार एवं वर्तमान पार्षद नीलू अहिरवार, देवांश प्रभाकर, मनोज अहिरवार, दशरथ अहिरवार व अन्य धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पहुंच रही यात्रा ज्योति कलश यात्रा के आगमन पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में खास उत्साह देखा जा रहा हैं। सिरोंज चौराहा स्थित तिवारी जी के निवास पर विराट दीप यज्ञ का आयोजन हुआ।

जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती पूनम संदीप तिवारी रहे। राधाकृष्ण पूरम में श्रीमती मधु राकेश पांडे के निवास पर गायत्री यज्ञ हुआ।

## 15 हजार कीमती सागौन जब्त

**जागरण ग्यारसपुर।** वनमण्डलाधिकारी हेमंत यादव के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र ग्यारसपुर अंतर्गत ग्राम मानौरा में मुखबिर की सूचना पर मुस्कान शिवहरे परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में मुकेश शर्मा परिक्षेत्र सहायक ग्यारसपुर एवं वन स्टॉफद्वारा मेहरबान अहिरवार के घर पर अवैध रूप से रखी सागौन चरपट 18 नग, सागौन गोल 4 नग कुल राशि लगभग 15 हजार की सागौन वनोपज को जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 03 अप्रैल, 2025 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com


## मंडी में रही 34 हजार 488 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** बुधवार को अनाज मंडी 34 हजार 488 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 24 हजार 701 क्विंटल धान की आवक रही। जो कि 2310 रुपए से लेकर 3960 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4000 से 5771 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 5000 से 6422 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 3710 से 4505 रुपए क्विंटल के भाव वहीं धान 900 से 2856 के भाव रहा और करीब 983 किसानों ने अपने अनाज का विक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### भगवान परशुराम जयंती को लेकर बैठक आज

**विदिशा।** ब्राह्मण महापंचायत, परशुराम सेवा दल, युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा आगामी अक्षय तृतिया 30 अप्रैल भगवान परशुराम जयंती उत्सव के भव्य आयोजन हेतु चौबेजी के मंदिर में आज बैठक शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विप्रजनों की उपस्तिथ होने का आग्रह किया।

### 37 अधिकारियों को स्कूल आवंटित

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में नवप्रवेशीय विद्यार्थियों के मोटिवेंशन और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारियां प्राप्ति के उद्धेश्य से भविष्य से भेंट कार्यक्रम तहत जिले के 37 अधिकारियों को स्कूलों का आवंटन कर उन्हें नोड्ल नियुक्त किया गया है जो नियत शाला में पहुंचकर एक पीरियड बच्चों से संवाद करेंगे और अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा को उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर द्वारा कुरवाई विकासखण्ड हेतु तीन, ग्यारसपुर के लिए पांच, नटेरन के लिए सात, बासौदा के लिए आठ, लटेरी के लिए तीन तथा विदिशा विकासखण्ड के लिए नौ तथा सिरोंज के लिए दो अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### पुस्तक मेला आज, दस प्रतिशत की होगी छूट

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की पहल पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन गुरुवार 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं स्कूल शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर ऑडिटोरियम भवन के परिसर में पुस्तक मेला गुरुवार की सांय 4 बजे से शुरू होगा। पुस्तक मेला में 10 स्टाल लगाए जाएंगे। अभिभावकों को स्कूली पुस्तकें सहित अन्य सामग्री क्रय करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### कौशल उन्नयन का द्वितीय बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न

**विदिशा।** उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश सेडमैप द्वारा छात्राओं के उद्यमिता विकास एवं कौषल उन्नयन के लिए द्वितीय बैच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 से 29 मार्च तक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में जनभागीदारी अध्यक्ष सुमन सोनी के मुख्य आतिथ्य और महाविद्यालय प्राचार्य नीता पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 72 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्तमान समय में महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को आवष्यकता है कि उद्यमिता के विषय में जानकारी प्राप्त करें। उद्यमिता को समझें और अपने पाठ्यक्रम में शामिल उद्यमीय प्रोजैक्ट्स को कुशलता से स्वयं तैयार कर सकें। उनके पास नौकरी के साथ एक और विकल्प हो अपना उद्योग स्थापित करने का।

### दुधारु गायों के पुरस्कार योजना के लिए 4 अप्रैल तक करें आवेदन

**विदिशा।** पशुपालकों से भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत ऐसे पशुपालक जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक है वे योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत पशुपालक 4 अप्रैल 2025 की दोपहर 12 बजे तक निकटतम पशु चिकित्सालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

### स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के साथ ही शिक्षकों की पूर्ति का भी रखा जाए ध्यान

# शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त हों तो स्कूलों को वापस मिल सकते हैं 200 से अधिक शिक्षक

जागरण विदिशा

जिले में इस समय प्रवेशोत्सव की धूम है। शासकीय स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाने के साथ ही कोई बच्चा प्रवेश से वंचित न रह जाए इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन इसी के साथ ही अटैचमेंट समाप्त कर स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति पर भी ध्यान दें तो स्कूलों में 200 से अधिक शिक्षक स्कूलों को वापस मिलना संभव हो सकता है। मालूम हो कि जिले जिले में ऐसे कई शिक्षक हैं जो वेतन पढ़ाई कार्य का ले रहे जबकि यह शिक्षक आफिसों में बाबूगिरी कर रहे हैं।

मालूम हो कि जिले में डीईओ आफिस सहित 60 संकुल केंद्र हैं, वहीं 7 बीईओ आफिस भी है। इस तरह जिले में यह 68 स्थान है जहां आफिसों में बाबूगिरी करने के लिए शिक्षकों की जरूरत पड़ती रही है। इन स्थानों पर व्यवस्थाओं के तहत दूसरे स्कूलों से शिक्षकों को अटैच कर दिया जाता है, इस व्यवस्था से जिस शाला में शिक्षक पदस्थ रहते हैं उन शालाओं में शिक्षक की कमी हो जाती है। कई बार विषयवार शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों का अध्ययन कार्य भी प्रभावित होता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो शासकीय एमएलबी स्कूल में करीब 3 शिक्षक अटैच है। इसी तरह अनिवार्य तोपपुरा आदि स्कूल में भी शिक्षक अटैच है और यह शिक्षक ज्यादातर ग्रामीण अंचल की शालाओं में पदस्थ रहने वाले होते हैं।




### डीईओ ऑफिस में करीब 6 शिक्षक हैं अटैच

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षकों के अटैचमेंट की स्थिति देखें तो जिला शिक्षा विभाग में 6 शिक्षक अटैच है। इसी तरह संकुल केंद्रों पर भी औसतन दो से तीन शिक्षक अटैच है। इसी तरह बीईओ कार्यालयों में भी ऐसी ही स्थिति है। इस तरह जिले में 7 बीईओ आफिस, 60 संकुल केंद्र एवं 1 डीईओ ऑफिस में औसतन 3 शिक्षकों को भी अटैच मान लें तो इनकी संख्या 204 होती है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट, निर्वाचन एवं तहसील कार्यालय में भी शिक्षकों का अटैच होना माना जा रहा है।

दरअसल अटैचमेंट की यह व्यवस्था से प्रभावशाली शिक्षकों को लाभ पहुंचाने वाली साबित होती आई है वहीं अधिकारी भी इस व्यवस्था से लाभान्वित होते हैं, इसलिए अटैचमेंट समाप्त करने एवं शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कार्य न कराने के आदेश जारी होते रहे हैं पर कुल दिन की सक्रियता के बाद यह आदेश मजाक बनते आए हैं।

### सात माह पूर्व आए थे अटैचमेंट समाप्त करने के आदेश

जानकार बताते हैं कि पिछले सात माह पूर्व आदेश जारी हुए थे जिसमें कहा गया था कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 27 के प्रावधान एवं उद्‌भूत न्यायालयीन प्रकरण में पारित निर्णयों इत्यादि का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि शिक्षकों गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाए जाने के निर्देश समय-समय पर प्रदान किए गए हैं। उपरोक्त निर्देशों के बावजूद भी प्रदेश के जिलों में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्र/आसंजित किया जा रहा है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्र/आसंजित सभी शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में लगाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उक्त आदेश में निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया था। यह आदेश सभी कलेक्टर, जिपं सीईओ, डीईओ को जारी किए गए थे, कुछ दिन आदेश के पालनार्थ सक्रियता दिखाई दी और बाद में फिर जैसा कि पूर्व से होता चला आ रहा अटैचमेंट पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं और इस मामले में कभी अधिकारी स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई हो ऐसा सामने नहीं आ सका।

### शिक्षकों की ठीक से गणना हो तो हट सकता है पर्दा

मिली जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों को स्कूल में बच्चों के भविष्य संवारने का दायित्व निभाना चाहिए वे शिक्षक अपने दायित्व से दूर स्कूल की बजाय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थापना शाखा, खेल शाखा, परीक्षा शाखा, कलेक्ट्रेट निर्वाचन शाखा, संकुल केंद्रों, बीईओ आफिस व जनप्रतिनधियों के यहां सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की ठीक से गणना कर ली जाए तो संख्या काफी अधिक हो सकती है। अटैचमेंट से शिक्षकों को लाभ यह कि प्रतिदिन स्कूल जाने, बच्चों को पढ़ाने आदि कार्य से जहां बचते है तो वहीं स्कूल आने-जाने में पेट्रोल का काफी खर्च भी है। इसके अलावा अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के पास अटैच रहने से उनका व्यक्तिगत प्रभाव भी बढ़ता है,वहीं अधिकारियों को लाभ यह कि उन्हें ऑफिस कार्य में शिक्षकों की मदद मिल जाती है और उनका कार्य आसान हो जाता है, लेकिन खास नुकसान विद्यार्थियों का ही होता है कि उन्हें स्कूल में शिक्षक नहीं मिल पाते।

### इनका कहना

अटैचमेंट के संबंध में सभी बीईओ एवं संकुल प्राचार्यो को आदेश जारी किए गए हैं कि जहां भी शिक्षक अटैच हैं उन्हें उनकी मूल शालाओं में वापिस किया जाए।

**आर.के ठाकुर**
**डीईओ, विदिशा**

## हाट बाजार की नीलामी, लेकिन दुकानदारों को नहीं दी जाती सुविधा

जागरण ग्यारसपुर

प्रत्येक शुक्रवार को हाट बाजार भरता है और आसपास के करीब 100 गांव के दुकानदार अपनी दुकान लेकर ग्यारसपुर मुख्यालय के बाजार में अपनी दुकान लगाते हैं लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इन्हें किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। न ही बाजार में चबूतरा निर्माण, न पानी की व्यवस्था, ना ही लाइट की और बारिश के मौसम में कीचड़ में ही दुकान लगाना पड़ती है। ग्राम पंचायत द्वारा छोटे दुकानदारों से पांच 5 रुपए, 10 रुपए एवं 20 तक लिए जाते हैं एवं त्योहार पड़ने पर 50 रुपए तक लिए जाते हैं लेकिन दुकानदारों को किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिलती यह बाजार की नीलामी प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए में होती है। फिर भी दुकानदारों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इस बर्ष 4 अप्रैल को नीलामी रखी गई है जिसमें सरकारी बोली 60000 रखी गई है।

## मजदूरी बढ़ाने पर अड़े हम्माल और तुलावटी

**जागरण, इटारसी।** शासकीय उपार्जन केंद्र पर हम्माल अपनी मजदूरी बढ़ाने को लेकर अड़ गये हैं। इस वजह से बुधवार को उपज की खरीदी नहीं हो सकी। मौसम में छाए बादलों की वजह से किसानों ने वापस लौटने का मन बना लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन इस संबंध में विचार मंथन में लगा हुआ है। सूत्र बताते हैं पिछली बार 22 रुपए रेट था इस बार ठेकेदार ने 25 रुपए का कोटेशन दिया है। इस संबंध में एसडीएम इटारसी को अवगत कराया गया। जिसके बाद उन्होंने सभी को बुला लिया है। इस मामले में चर्चा के बाद उचित समाधान किया जाएगा।

## गणगौर उत्सव के तहत निकली शोभायात्रा




**जागरण विदिशा।** श्री नवयुवक क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा गणगौर समारोह उत्साह एवं भक्तिभाव से मनाया गया। इस दौरान गणगौर की शोभायात्रा निकली। जिसमें शिव पार्वती गणगौर बग्गी में सवार रहे। यह शोभायात्रा काशीराम बिहारी लाल धर्मशाला तिलक चौक से प्रारंभ हुई और गाजे बाजों के साथ विभिन्न मार्गों से होती हुई। बेत्रवती बढ़ वाले घाट पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं सोलह श्रृंगार कर नाचते गाते चल रहीं थीं।

## ऑटिज्म एक मानसिक समस्या है: डॉ नीति

**जागरण विदिशा।** मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग एवं आईएपीए विदिशा तथा आईएमए विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल स्टूडेंट के लिए विश्व ऑटिजम जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष एवं शिशु विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि ऑटिजम एक मानसिक समस्या है जिसमें बच्चे अपने आप में लीन रहते है अपने आप में मस्त रहते है यह बीमारी नहीं बल्कि एक सामान्य मानसिक स्तिथि से थोड़ी भिन्न मानसिक अवस्था है। जिसमें बच्चे नजरों से नजरें नहीं मिलाते और मां को देखकर मुस्कुराते भी नहीं है तथा दूसरे बच्चों या समाज में घुलने मिलने में कठिनाई महसूस करते हैं उनको अकेलापन ज़्यादा पसंद होता है।

## एकजुटता ही हमारी ताकत है, आइए मिलकर बदलाव की दिशा में एक और कदम बढ़ाएं: भाजपा

जागरण विदिशा

भारतीय जनता पार्टी विदिशा जिला के कार्यकर्ताओं के बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा.निर्देशानुसार जिला कार्यालय एक अनिवार्य बैठक हुई। जहां आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को नई ऊर्जा और दिशा देना, ताकि हम सब मिलकर पार्टी की शक्ति को और मजबूत कर सकें। इस बैठक जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, देवखजुरी मंडल अध्यक्ष अतुल यादव रामगढ़ एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण भी मौजूद थे।

हमारा लक्ष्य केवल एक है एकजुट होकर पार्टी की शक्ति को और भी मजबूत करना और आगामी चुनावों में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना। हम सब मिलकर एक टीम के रूप में काम करेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरित करेंगे ताकि हम अपने क्षेत्र की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की में अपना योगदान दे सकें। आने वाले समय में हम सभी मिलकर संगठन को और सशक्त बनाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर कार्यकर्ता का प्रयास पार्टी की जीत में बदलें। यह यात्रा हम सब की है और हम सब एक साथ मिलकर इसे सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। आइए इस यात्रा में हम सभी एक साथ आगे बढ़ें क्योंकि हमारा संकल्प और हमारी मेहनत ही हमे विजयी बनाएगी।

## सीएम का पुतला फूंक रही थी कांग्रेस, पुलिस ने छुड़ाया

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जागरण नटेरन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला लेकर तहसील के सामने इकट्ठा हुए वहां पर जिला महामंत्री रमेश तिवारी ने बताया की सरकार कांस्टेबल सौरभ शर्मा को बचाने की कोशिश कर रही है। 60 दिन के अंदर लोकायुक्त के द्वारा चालान पेश न किया जाना कहीं ना कहीं बीजेपी के द्वारा मिली भगत है क्योंकि उसमें कई भाजपा के नेता फंस सकते थे इस कारण से उसको बचाया जा रहा है कांग्रेस पार्टी मांग करती है इसकी सीबीआई जांच कराई जावे। मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला लेकर पहुंचे थे आग लगने से पहले ही पुलिस उसको छुड़ा कर ले गई। तहसीलदार आनंद जैन को एक ज्ञापन सोपा। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष दीवान सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री रमेश तिवारी, रामसेवक रघुवंशी, सेवादल अध्यक्ष अनुज यादव, ओम प्रकाश पचौरी, शरण पटेल, ओम प्रकाश जाट, लखन रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने जप्त की 55 हजार रुपए की अवैध मदिरा



जागरण विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी के तहत एएसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना करारिया पुलिस को तस्करों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए थे। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सउनि मानसिंह यादव, प्रेमराव भोंसले एवं हमराह बल ने ग्राम सतपाड़ा सराय में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अमान सिंह अहिरवार निवासी ग्राम सतपाड़ा सराय, विदिशा के घर के पास स्थित टपरे से 10 पेटी 90 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 55,000 आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय विदिशा में प्रस्तुत किया गया। इस सफलता में निरीक्षक मोहम्मद जमीर काजी, मानसिंह यादव, प्रेमराव भोंसले एवं आरक्षक सचिन सिसोदिया की भूमिका रही। वहीं विदिशा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आपकी सतर्कता से समाज में कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है।

### 29 वाहनों से वसूला 12 हजार रुपए का जुर्माना

**विदिशा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के दिशा.निर्देशों के तहत यह अभियान 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक चलेगा। जिले में एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में यातायात पुलिस कई नियमों की जांच कर रही है। इनमें बिना हेलमेट, ओवर स्पीडिंग और शराब पीकर वाहन चलाना शामिल है। साथ ही बिना पीयूसी सर्टिफिकेट, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, फिटनेस और बीमा वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। अब तक यातायात पुलिस ने 29 वाहनों पर चालान की कार्रवाई कर उनसे 12,200 रुपए का शमन शुल्क वसूला। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों के अनुसार यातायात पुलिस का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि को कम करना है। इसके लिए जन जागरूकता बढ़ाने के साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। आगे भी ऐसे जागरूकता अभियान और विशेष कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन कलेक्टर ने स्कूल पहुंचकर हाई एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों से किया संवाद

# स्कूल पहुंचकर कलेक्टर बने शिक्षक, छात्राओं से पूछे सवाल

जागरण विदिशा

स्कूलों में प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन सभी शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था उक्त कार्यक्रमों में जिला अधिकारियों ने आवंटित स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया गया है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुरा में पहुंचकर करीब पौन घंटा तक छात्राओं से उन सभी को शिक्षा की महत्वता को रेखांकित करते हुए जीवन में शिक्षित होने से होने वाले बदलाव प्रगति, सामाजिक प्रसिद्धि और आत्म निर्भरता की ओर बढ़ते कदम को रेखांकित किया है। कलेक्टर ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के नवप्रवेशीय छात्राओं से संवाद करते हुए प्रारंभिक जानकारियां और विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को जाना जैसे स्कूल क्यों आती हो पृथक-पृथक उत्तरों को ब्लैकबोर्ड पर अंकित कर एकजाई



समरी में रेखांकित किया है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्कूलों में अध्यापन के दौरान जो ज्ञान की प्राप्ति होती है वही हमारे शैक्षणिक जीवन का आधार बनता है उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ-साथ अपने कौशल काबिलियत को विकसित करने में स्कूलों की भी महती भूमिका है शिक्षा का महत्व जीवन में नकारा नहीं जा सकता है शिक्षा ही हमें अनेक बौद्धिक स्तरों के शिखरों पर पहुंचाती है। पर्सनालिटी डेव्हलपमेंट की निहित बिन्दुओं को हम कैसे विकसित करें।

कलेक्टर ने छात्राओं को नैतिक शिक्षा पर गहन प्रकाश डालते हुए अच्छे व जागरूक नागरिक कैसे बने को उदाहरणों सहित प्रस्तुत किया है। उन्होंने जीवन में नियमों का पालन करने पर विशेष ध्यान देने पर सचेत किया है। कलेक्टर सिंह ने सोशल मीडिया एंड्रायड मोबाइल का सदुपयोग नियमित समय तक करने को आवश्यक बताया है। इसका अधिक उपयोग करने से समय और बौद्धिक विकास दोनों से हरस्मेंट होता है।

कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई और ज्ञान जहां भी उसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने आइएस परीक्षा की तैयारियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। वहीं स्कूल के दौरान की गई पढ़ाई का आईएस की परीक्षा में कैसे उपयोग किया का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान कभी बेकार नहीं जाता आप किसी भी क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर सकते हैं बस आपका आत्म विश्वास नही डगमगाना चाहिए। शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अध्ययन करें। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें। उन्होंने कहा कि मेहनत, अभ्यास, पढाई, ज्ञान ये सब हमारे उद्धेश्यों की प्राप्ति की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इन कड़ियों से हम अपने कौशल हुनर को विकसित कर सकते है। पढ़ाई के दौरान किन बातो का विशेष ध्यान दें कैसे नोट्स बनाएं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान गुरूजनों से प्राप्त करे इत्यादि पर भी गहन प्रकाश डाला।

### सीएम राइज विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**गुलाबगंज।** मंगलवार को सीएम राइज विद्यालय गुलाबगंज में शाला में पहला कदम अभियान की शुरुआत के तहत विशेष तैयारियों के साथ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्प हार से स्वागत कर विशेष जन सहयोग से तैयार की गई किट प्रदान की गई। जिसे प्राप्त कर बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की उमंग नजर आई तत्पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने वक्तव्य में शिक्षा ग्रहण करने के प्रति उदर एवं अपने अभिभावक का नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान जनपद सदस्य पूनम सचिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश घावरी, नोडल अधिकारी ब्रजेश जैन, मंडल उपाध्यक्ष पीयूष शर्मा, रूपेश कुशवाहा, संकुल प्राचार्य इंदर सिंह जादौन सहित स्टाफमौजूद रहा।

## जन्मदिन पर घावरी ने नगर में शुरू कराया नि:शुल्क पेयजल प्याऊ



जागरण गुलाबगंज

सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने अपने जन्मदिन पर एक अनोखी पहल शुरू की उन्होंने नगर में बाहर से आने वाले ग्रामीण जो आस पास के ग्राम से गुलाबगंज आते हैं उनको पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी जिसको देखते हुए घावरी ने नगर के चिन्हित स्थानों पर 3 लियर वाली प्लास्टिक की टंकी पेयजल हेतु अस्पताल कार्यालय, तहसील के सामने, ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी कार्यालय, पीपलेश्वर धाम मंदिर एवं अंकुर मेडिकल स्टोर के पास रखवाई है साथ ही कई वर्षों से बंद पड़ी थाने के पास वाली प्याऊ को भी घावरी द्वारा शुरू कराया गया है। इस पर सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने बताया कि जन्मदिन पर यहां वहां फालतू खर्च न करके मैने पेयजल हेतु प्याऊ लगाने का ख्याल मेरे मन में आया ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया। इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन यादव, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अंकुर दांगी, टैंकर चालक भूरा दांगी, राजा बघेल, लखन चिड़ार, अभिषेक अहिरवार, इंजी. बृजगोपाल अहिरवार, अनिल लोधी, सचिव राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


**आवश्यकता**

**ऑफिस कार्य के लिए युवतियों की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं, 12वीं वेतन-योग्यता अनुसार पता- बांसकुली बड़ा गणेश मंदिर के पीछे विदिशा.**

**मोबा. 9584346434**